दबिश | स्वच्छता, खाद्य गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्थाओं की जांच की

# जिले के होटलों, रेस्टोरेंट्स में पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, जिले में खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा दल द्वारा लगातार निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत तीन दिनों से होटलों, ढाबों एवं रेस्टोरेंट्स में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की।**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपेश मिश्रा एवं पंकज कुमार घाघरे द्वारा बुधवार को इमलीखेड़ा में चाचा की रसोई इमलीखेड़ा, आशीर्वाद ढाबा , होटल साई बजरंग तथा वेंकटेश मॉल के पास होटल सनफायर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के भंडारण कक्ष, पेयजल व्यवस्था, रसोईघर, नाली एवं ड्रेनेज व्यवस्था तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ सामान्य कमियां पाई गई, जिनमें कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाण-पत्रों का अभाव, कच्चे खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थलों पर साफ-सफाई की कमी, ड्रेनेज व्यवस्था का सुचारू न होना तथा जल परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध न होना शामिल है। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को दो दिवस के भीतर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### तामिया के रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री संध्या मार्को द्वारा पर्यटन क्षेत्र तामिया स्थित सेरेंगीटीपीटी एवं एमपीआरटीसी रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेरेंगीटीपीटी रेस्टोरेंट का फ्रीजर अत्यधिक गंदा एवं दुर्गंधयुक्त पाया गया तथा उसमें शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ संग्रहित मिले। वहीं एमपीआरटीसी रेस्टोरेंट में कुछ खाद्य पदार्थों में फफूंद लगी हुई पाई गई तथा एक्सपायरी खाद्य सामग्री का उपयोग भोजन निर्माण में किए जाने के तथ्य सामने आए। निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों में तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई कराई गई।

# मोहखेड़ बचाओ आंदोलन में कांग्रेस ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 16 सितंबर, मोहखेड़ को पांढुर्णा जिले में शामिल किए जाने की चर्चाओं के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ ने बुधवार को बाजार चौक उमरानाला में प्रदर्शन किया।**



भारी बारिश के बीच विधायक विजय चौरे की उपस्थिति में रैली निकाली गई और पुलिस चौकी पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने कहा कि मोहखेड़ को पांढुर्णा में शामिल करने की किसी भी कवायद का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर मोहने, किशोर डोंगरे, विजय गावंडे, समीम खान, गुलाब चौधरी, पप्पू शर्मा, मनोज कड़वे, फैयाज खान, सचिन चौरसिया, सूरज सोनघरे, राजू बाडिवा, कन्हैया सोनी, कैलाश डोंगरे, मेहमूद खान, बंटी फिटिंग, ओम राजनकर, संजय कोल्हटकर, अंकित चौरसिया, मिलिंद घोगरे, सार्थक कोलारे, सुजीत चेडगे, योगेश राजनकर, दीपक सोरठ, आनंदराव खापरे, शशी भाऊ जामकर, अनवर खान, नरसिंह साहू, भुवनेश्वर पवार, ओम खरेटवाल, सुभम साहू, अशफाक शेख, विनोद मरकाम, अशोक कहार, मुकेश भादे, अलकेश लिखितकर, निशांत अल्डक, प्रियांश लिखितकर, आनंदराव राजनकर, प्रज्वल घोगरे, आकाश पवार, सूरज चरपे, महेंद्र सिंह सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने युवा छात्रों से किया संपर्क



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 16 सितंबर, बुधवार 16 सितंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम के संबंध में छात्रों से संपर्क किया गया।**

इस दौरान अधिक से अधिक छात्रों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रेरित किया गया तथा राहुल गांधी की उपस्थिति में होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण साहू सहित कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

# नवनिर्मित उड़ान पुल के समीप महाराष्ट्र बैंक के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की उठी मांग, मंडरा रहा हादसों का खतरा

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 16 सितंबर, नगर के नवनिर्मित उड़ान पुल के समीप स्थित महाराष्ट्र बैंक के सामने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) बनाने की मांग लगातार जोर पकड़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से इस संबंध में शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपील की है।**



गौरतलब है कि महाराष्ट्र बैंक का यह क्षेत्र यातायात के लिहाज से बेहद संवेदनशील बिंदु बन चुका है। यहाँ तीन अलग-अलग दिशाओं से वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दिनभर भारी चहल-पहल बनी रहती है। उड़ान पुल की ढलान सीधे बैंक के सामने समाप्त होती है, जिसके कारण पुल से उतरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक अत्यधिक तेज रफ्तार में यहाँ से गुजरते हैं। तीन तरफसे आने वाले यातायात और पुल की ढलान से उतरते तेज रफ्तार वाहनों के कारण यहाँ हर पल गंभीर सड़क हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पॉइंट पर पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। इसके बावजूद गति नियंत्रित करने के लिए अब तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने जनहित और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन एवं संबंधित विभाग से माँग की है कि महाराष्ट्र बैंक के सामने ढलान के अंत पर जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए, ताकि वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग सके और किसी बड़ी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# लघुकथा सम्मान से सम्मानित हुए पवन शर्मा

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 16 सितंबर, नगर के शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय से सेवानवृत्त हुए शिक्षक लघु कथाकार का सम्मान कर अभिनंदन किया गया।**

यह आयोजन सिरसा हरियाणा में आयोजित हुआ था। लघुकथा सम्मेलन में जुन्नारदेव के वरिष्ठ लघुकथाकार पवन शर्मा सेवानिवृत शिक्षक को श्री खुशीराम देवगुण स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित किया। हिंदी दिवस के अवसर पर देश भर से आए लघुकथा से जुड़े लघुकथाकारों, समालोचकों की उपस्थिति में हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकथा मंच, सिरसा के संरक्षक डॉ. रूप देवगुण, संयोजक डॉ. शील कौशिक एवं ललित मोहन जैन ने पवन शर्मा को अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं सम्मान राशि से इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अनेक राज्यों के लघुकथाकारों ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. ध्रुव कुमार - पटना, सुरेंद्र अरोड़ा - साहिबाबाद, विजय शर्मा - कोटा, अंजना गर्ग - रोहतक, विभा कुमरिया शर्मा - लुधियाना, नीना छिब्बर - जोधपुर, मंजू शर्मा - जोधपुर एवं रूप देवगुण को भी लघुकथा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# इमलीखेड़ा फायर स्टेशन परिसर में किया गया पौधरोपण

## अभियंता दिवस पर नगर निगम के इंजीनियरों का अभिनव प्रयास

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस के अवसर पर नगर निगम के समस्त इंजीनियरों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई।**



निगम के इंजीनियरों ने इमलीखेड़ा में नवनिर्मित हो रहे अग्निशमन केंद्र (फायर स्टेशन) परिसर में एकत्र होकर अमृत हरित महाअभियान तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद करते हुए नगर निगम के तकनीकी अमले ने निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान फायर स्टेशन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए तथा उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उप यंत्री एवं समस्त तकनीकी/इंजीनियरिंग स्टाफ सहित निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांसद के प्रयास से मरीज को मिली 3 लाख की राशि

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों के बाद छिन्दवाड़ा निवासी कैंसर पीड़िता मरीज का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। कैंसर की बीमारी से जूझ रही पीड़िता महिला को सांसद के प्रयासों के बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।**

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों छिंदवाड़ा निवासी श्रीमती चन्द्रकला भूषण ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए कैंसर बीमारी की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया एवं कैंसर के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर कैंसर की बीमारी से जूझ रही पीड़ित महिला के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छिंदवाड़ा निवासी श्रीमती चन्द्रकला भूषण को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से कैंसर के ईलाज के लिए 3 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। उक्त राशि मिलने पर पीड़ित व्यक्ति का नागपुर में ईलाज हो सकेगा।

# औद्योगिक क्षेत्रों की उपलब्ध कराई जाए मूलभूत सुविधाएं

## उद्योगपतियों की मासिक बैठक में की गई समस्याओं पर चर्चा


**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक जिला कार्यालय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले के औद्योगिक विकास, उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके सुझावों पर चर्चा करना रहा।**



बैठक में उद्योगपतियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में कचरा संग्रहण, पानी की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति तथा औद्योगिक क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संबंधित विभागों के समक्ष इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखा जाएगा तथा शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती ओजस्वी काले द्वारा उद्योगपतियों को औद्योगिक क्षेत्रों में रिक्त भूखंडों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पश्चात उद्योगपति आवेदन कर सकते हैं। बैठक में महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती काले, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सौरभ राय, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव विशाल माहेश्वरी, राहुल भसीन, मनीष विश्वकर्मा, सुनील भटुरकर सहित अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।

# शुक्ल परिवार के निवास पर विराजी स्वहस्त निर्मित इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, शहर के श्री अन्नपूर्णा मंदिर, पातालेश्वर मार्ग स्थित साहित्यकार विशाल शुक्ल के निज निवास पर विगत एक दशक से भी अधिक समय से भगवान श्री गणेश की स्वहस्त निर्मित प्रतिमा स्थापित करने की अटूट परंपरा इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ निभाई जा रही है।**



इस वर्ष की मनोहारी बालस्वरूप प्रतिमा का निर्माण विशाल शुक्ल की धर्मपत्नी श्रीमती श्वेता शुक्ल द्वारा शुद्ध मिट्टी से स्वयं अपने हाथों से किया गया है। यह प्रतिमा पूरी तरह इको-फ्रेंडली और पर्यावरण के अनुकूल है, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। शुक्ल परिवार द्वारा इस प्रतिमा को आकर्षक सजावट के साथ सुसज्जित कर विधि-विधान से स्थापित किया गया है। नीली पोशाक, पुष्प मुकुट और मोदक से सजी यह प्रतिमा भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। परिवार की ओर से विशाल शुक्ल ने इस पुनीत अवसर पर सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को सपरिवार दर्शन हेतु सादर आमंत्रित किया है।

# तामिया महाविद्यालय में कार्यशाला और प्रदर्शनी का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, शासकीय महाविद्यालय तामिया में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम में ओजोन परत के महत्व, उसके संरक्षण तथा पर्यावरणीय चुनौतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय सिंह सिरसाम ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल के समताप मंडल में स्थित एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है, जो सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर जीव-जगत की रक्षा करती है। उन्होंने बताया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) सहित विभिन्न प्रदूषक तत्वों के कारण ओजोन परत को क्षति पहुंच रही है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा समाज में भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करें। साथ ही ऐसे साधनों एवं उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दें, जिनसे क्लोरोफ्लोरोकार्बन का उत्सर्जन न्यूनतम हो और ओजोन परत के संरक्षण में सहयोग मिल सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय नवरे, डॉ. मनिंदर भाटिया, माधविका उइके, रविना नर्रे, निरंजन राजपूत, विपिन माहौरे, सुरेश भारती, रीता, वासुदेव पाटणकर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**छिंदवाड़ा।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एम.पी.तिवारी के निर्देशानुसार बुधवार को पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कैलाश नगर छिंदवाड़ा में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित छात्राओं को विश्व ओजोन दिवस की इस वर्ष की थीम ग्लोबल एक्शन फॉर ए कूलर प्लेनेट के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को बताया गया कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है, किंतु विभिन्न मानवीय गतिविधियों के कारण ओजोन परत का क्षरण हो रहा है। इसलिये ओजोन परत के संरक्षण की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। संगोष्ठी में बताया गया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन एवं हाइड्रोफ्लोरोकार्बन उत्सर्जित करने वाले उपकरणों के प्रयोग से बचना चाहिए। इसके साथ ही ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का उपयोग करना चाहिए।

**समक्ष न्यायालय तहसीलदार मोहखेड़ जिला-छिंदवाड़ा**

रा0प्र0क्रं0/0032/अ-70/2023-24
मौजा-कुकड़ाचिमन, रा.नि.म. ईकलबिहरी,
स्थान-तहसील कार्यालय मोहखेड़
पेशी तारीख 29.09.2026

घनश्याम माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे बगैरा जाति कलार निवासी-वार्ड नंबर 14, कुकड़ाचिमन, तहसील मोहखेड़ जिला-छिंदवाड़ा। ........... आवेदकगण
विरूद्ध
हेमराज माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे, अन्य-02 निवासी कुकड़ाचिमन तहसील मोहखेड़ जिला छिंदवाड़ा। ................ अनावेदकगण

**अनावेदकगणों की उपस्थिति की सूचना**

अनावेदकगण हेमराज माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे, लक्ष्मीनारायण माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे एवं राकेश पिता स्व. बेनीप्रसाद माहोरे निवासी सभी निवासी-कुकड़ाचिमन, तहसील मोहखेड़, जिला-छिंदवाड़ा (म0प्र0) आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगणं की पैतक बँटवारा में प्राप्त भूमि मौजा ग्राम कुकड़ाचिमन प.ह.न.-44 स्थित भूमि खसरा नंबर 190/1/1,190/1/5 रकबा क्रमशः 0.023 हे., 0.022हे. भूमि पर दिनांक 08.02.2024 को करवाये गये सीमांकन के अनुसार माननीय अपर आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर के रा. अपील क्र. 0137/अपील/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 09.06.2026 के अनुसार रा.प्र.क्र.0032/अ-70/2024-25 पक्षकार घनश्याम माहोरे व अन्य विरूद्ध हेमराज माहोरे व अन्य में परिपालन कर अपर आयुक्त के अपील आदेश दिनांक 09.06.2026 में वर्णित न्यायदृष्टांत माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर की विविध याचिका क्रमांक 5156/2019 में पारित आदेश दिनांक 01.10.2020 के अनुसार सुनवाई हेतु प्राप्त हुआ है। जिसमें अनावेदकगण को न्यायालय द्वारा सूमस/नोटिस भेजा गया था जो लेने से इंकार किया गया और मौके / घर पर उपस्थित नहीं मिले की टीप अंकित की गई है, इस कारण आप सभी अनावेदकगणों इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक / 0032/अ-70/2023-24 पक्षकार आवेदकगण घनश्याम माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे बगैरा विरूद्ध हेमराज माहोरे पिता स्व. दिलीप कुमार माहोरे, अन्य-02 में नियत तिथि 29.09.2026 को इस न्यायालय तहसील कार्यालय मोहखेड़ में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे एवं अपने पक्ष समर्थन में जवाब / दस्तावेज / आपत्तियां प्रस्तुत करें। उक्त प्रकरण में माननीय अपर आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर के अपील आदेश दिनांक 09.06.2026 के परिपालन में कार्यवाही होना है, अतः उपरोक्तानुसार आपके द्वारा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक पर प्रस्तुत न करने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में हुए प्रकाशन को आपकी उपस्थिति मानकर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आप अनावेदकगणों की होवेगी।

अतः आज दिनांक 07.09.2026 को मेरे न्यायालय एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।
स्थान तहसील कार्यालय मोहखेड़।
दिनांक 07.09.2026,

तहसीलदार
मोहखेड़

समाधान | कृषि पम्पों पर लगे स्मार्ट मीटर पर अतिरिक्त सुरक्षा निधि तत्काल हटाने की कार्रवाई के दिए निर्देश

# कांग्रेस के प्रयासों से शहरी क्षेत्र के किसान भाइयों को मिली बड़ी राहत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 सितंबर, कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल सतत रूप से विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों से स्मार्ट मीटर और उस पर लगाई गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि हटाने की मांग पर अड़ा हुआ है। कांग्रेस की एक मांग को पूरा करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता ने अधिनस्थ अधिकारी को दिए हैं। कांग्रेस ने किसान भाइयों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही स्मार्ट मीटर की समस्या का भी हल निकाला जाएगा।**



कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी वृत छिन्दवाड़ा को ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि दिनांक 22 अगस्त 2026 को कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ के निर्देश व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के मार्गदर्शन में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने शहरी क्षेत्र के किसान भाइयों की बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया था। लेकिन मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में प्रतिनिधि मंडल ने पुनः मुलाकात कर अवगत कराया कि शहरी क्षेत्र में किसानों के कृषि पम्प कनेक्शनों से स्मार्ट मीटर निकाले जाए साथ ही बार-बार ली जा रही सुरक्षा निधि वापस की जाए। फ्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध कराने, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने व बढ़े हुए बिजली बिलों में सुधार किए जाने सहित झुलते हुए बिजली के तारों व कृषि उपकरणों में सुधार की मांग की गई।कांग्रेस के द्वारा की गई मांगों को दृष्टिगत रखते हुए अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार सिन्हा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कार्यपालन अभियंता महेश कुमार साहू को प्रतिनिधि मंडल के समक्ष चर्चा हेतु बुलाया एवं निर्देश दिया कि बिजली बिलों की विसंगतियों, कृषि पम्पों पर लगे स्मार्ट मीटर से अतिरिक्त सुरक्षा निधि को तत्काल आज ही हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय, भैयाजी शिवारे, शैलेन्द्र उर्फ शैलू सेंगर, अभिषेक बबला पटेल, महेश अल्डक, शेखर अल्डक व शिवराज चौरे, राहुल दुबे, उज्जवल भोपे, राजेन्द्र नाथ, नारू सोनी व कमल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय-बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) शिकारपुर**

**पंजीयन क्रमांक-1272 दिनांक 27.02.2020**

क्रमांक/आमसभा/2026/क्यू | दिनांक 03.09.2026

**-: आमसभा सचूना पत्र :-**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) शिकारपुर पं.क्रं. 1272 दिनांक 27.02.2020 के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की साधारण आमसभा दिनांक 19.09.2026 दिन शनिवार को समय दोप. 1 बजे समिति कार्यालय ईमलीखेड़ा में आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**नोटः-** कोरम के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घंटे के लिये स्थगित की जावेगी एवं पुनः स्थगित बैठक आधा घंटे पश्चात उसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। आमसभा की सूचना विषय सूची सहित समिति के सदस्यों को डाक द्वारा भेज दी गई है।

**सही/-** **प्रशासक** **बी-पैक्स शिकारपुर**

**सही/-** **प्रबंधक** **बी-पैक्स शिकारपुर**